# eYouthscape-Start-up Bihar, Launching Event

<u>Media Coverage in Bihar's Hindi Daily</u>

**प्रतियोगिता** — एक सितंबर से होगा इ-यूथस्केप स्टार्टअप बिहार का आगाज

## पीयू व मेधा मिलकर स्टूडेंट्स के सपनों को देंगे ऊंची ऊड़ान

**लाइफ रिपोर्टर @ पटना**

पटना यूनिवर्सिटी (पीयू) और मेधा की तरफ से बुधवार को को इ-यूथस्केप-स्टार्टअप बिहार प्रतियोगिता की शुरुआत की गयी. यह राज्यस्तरीय प्रतियोगिता ऑनलाइन आयोजित होगी. इसमें बिहार के किसी भी कॉलेजों, यूनिवर्सिटियों, पॉलिटेक्निक और आइटीआइ के स्टूडेंट्स अपना स्टार्टअप आइडिया भेज सकते हैं. प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वालों को तीन चरणों से गुजरना पड़ेगा. शीर्ष दस में आने वाले प्रतिभागियों को मेधा की ओर से पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जायेगा. शीर्ष तीन को क्रमशः तीन लाख, दो लाख और एक लाख रुपये की सीड फंडिंग मिलेगी. साथ में टैब भी दिया जायेगा.



### ऐसे युवाओं की जरूरत, जो नौकरियां प्रोवाइड करे

प्रतियोगिता को लांच करते हुए पीयू के कुलपति प्रो एचएन प्रसाद ने कहा कि हमारे देश को ऐसे युवाओं की जरूरत है जो नौकरियां दें. प्रतियोगिता के नॉलेज पार्टनर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्राइज एंड लीडरशीप डेवलपमेंट (आइआइइएलडी) है. प्रतिभागियों के आइडिया को परखने के लिए राज्य और देश के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भी सहयोग करेंगे. मेधा का पीयू के साथ यह पहल बिहार के स्टूडेंट्स के लिए एक सुनहरा मौका है. इससे बिहार और देश को उद्यमियों की नयी पौध मिलेगी.

### प्रतिभागियों को सहयोग करेगी संस्था

मेधा के निदेशक ब्योमकेश मिश्रा ने कहा कि मेधा की कोशिश रही है कि कॉलेज के विद्यार्थियों को हम हर वो मौका दें जिसके वह हकदार हैं. हमारी तरफ से बिहार के विद्यार्थियों के लिए सकारात्मक माहौल बनाने की कोशिश है. बिहार को आत्मनिर्भर बनाना भारत को आत्मनिर्भर बनाने के क्रम में पहला कदम होगा. एआइसी- बिहार विद्यापीठ फाउंडेशन के चेयरमैन और सीइओ विजय प्रकाश ने कहा कि आइडिया को इंटरप्राइज तक पहुंचाने का काम इन्क्यूबेशन सेंटर करता है. इस प्रतियोगिता के माध्यम से एआइसी- बिहार विद्यापीठ, मेधा के साथ मिलकर अपने उसी काम को करना चाहता है.

### पहला चरण एक से 13 सितंबर तक



आइआइइएलडी के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिन्हा ने कहा कि यह प्रतियोगिता बिहार के विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है. पहले चरण की शुरुआत एक सितंबर से होगी जो 13 सितंबर तक चलेगी. जिसमें प्रतिभागी पीयू के वेबसाइट पर प्लेसमेंट सेल सेक्सन में और eYouths-cape- start-up Bihar के फेसबुक पेज पर उपलब्ध एप्लिकेशन फॉर्म के जरिये अपना आइडिया भेज सकते हैं. पहले चरण के बाद 18 सितंबर तक चयनित प्रतिभागियों की जानकारी पीयू के वेबसाइट और प्रतियोगिता के ऑफिसियल फेसबुक पेज पर दी जायेगी. दूसरे और तीसरे चरण में चयनित प्रतिभागियों को ऑनलाइन कार्यशाला करवाया जायेगा, जिसमें वो अपने आइडिया पर काम करेंगे. प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा 10 या 11 अक्तूबर को की जायेगी. ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस में आइक्यूएसी निदेशक डॉ डॉली सिन्हा, अटल इनक्यूबेशन सेंटर- बिहार विद्यापीठ फाउंडेशन के सीइओ प्रमोद कर्ण, पीयू डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ एनके झा, प्रो केपी सिंह, रवि रंजन मिश्रा, चंद्र भूषण सिंह, आकृति शर्मा के साथ अन्य लोग मौजूद थे.

प्रभात खबर Thu, 27 August 2020
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/54507235

## पीयू में ईय्यूथस्केपस्टार्टअप बिहार प्रतियोगिता लॉन्च

पटना (एसएनबी)। पटना विवि और मेधा की तरफ से बुधवार को ई यूथस्केप-स्टार्टअप बिहार प्रतियोगिता की ऑनलाईन लॉन्चिंग की गई। यह राज्यस्तरीय प्रतियोगिता होगी।

इसमें बिहार के किसी भी कॉलेज, विवि, पॉलिटेक्निक और आईटीआई के विद्यार्थी अपना स्टार्टअप आइडिया भेज सकते हैं। प्रतियोगिता निःशुल्क है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वालों को तीन चरण से गुजरना पड़ेगा। शीर्ष दस में आने वाले प्रतिभागियों को मेधा की ओर से पुरस्कृत किया जायेगा।

**एक से तीन लाख रुपये बतौर इनाम दिये जायेंगे**

प्रथम पुरस्कार तीन लाख, द्वितीय दो लाख और तृतीय स्थान वाले को एक लाख की सीड फंडिंग दी जायेगी जिससे विजेता प्रतिभागी अपनी आइडिया को जमीन पर उतार सकें। साथ ही शीर्ष दस को प्रतियोगिता की इनक्यूबेशन पार्टनर, अटल इन्क्यूबेशन सेंटर- बिहार विद्यापीठ फाउंडेशन की तरफ से इन्क्यूबेशन सहायता मिलने की भी संभावना होगी। प्रतियोगिता का नॉलेज पार्टनर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्राइज एंड लीडरशीप डेवलपमेंट (आईआईईएलडी) है। प्रतियोगिता की लॉन्चिंग पटना विवि के कुलपति प्रो. एचएन प्रसाद ने की। मौके पर मेधा के निदेशक ब्योमकेश मिश्रा, बिहार विद्यापीठ फाउंडेशन के चेयरमैन और सीईओ, विजय प्रकाश, आईआईईएलडी के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिन्हा, पीयू कुलसचिव, कर्नल मनोज मिश्रा, प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ. असीम लाल चक्रवर्ती सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**प्रतियोगिता** • ऑनलाइन स्टार्टअप आइडिया के लिए 1 से होगा रजिस्ट्रेशन

# बिहार के चुने हुए स्टार्टअप आइडिया को सपोर्ट करेगा पटना विश्वविद्यालय

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

राज्य में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए पटना विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन स्टार्टअप आइडिया प्रतियोगिता कराएगा। इसके लिए एक सितंबर से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। बुधवार को पटना विवि के ट्रेनिंग, काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ. असीम लाल चक्रवर्ती ने बताया कि इस प्रतियोगिता का नाम ई यूथस्केप – स्टार्टअप बिहार रखा गया है। बुधवार को इस प्रतियोगिता के लॉन्चिंग के अवसर पर डॉ. चक्रवर्ती ने बताया इस प्रतियोगिता के माध्यम से पटना विश्वविद्यालय और मेधा संयुक्त रूप से बिहारी विद्यार्थियों के लिए एंटरप्रेन्योरशिप के क्षेत्र को एक मजबूत विकल्प बनाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान पटना विवि के कुलपति प्रो. एचएन प्रसाद ने कहा कि हमारे देश को अभी ज्यादा से ज्यादा ऐसे युवाओं की जरूरत है, जो नौकरियां दें। मेधा की पटना विश्वविद्यालय के साथ यह पहल बिहार के विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा मौका है। वहीं मेधा निदेशक ब्योमकेश मिश्रा ने कहा कि यह प्रतियोगिता में तीन चरण होंगे और तीसरे चरण के बाद चुने हुए तीन स्टार्टअप आइडिया के लिए निर्धारित सीड फंड के साथ पुरस्कार भी होंगे। पहले स्थान पर आने वाले आइडिया को तीन लाख रुपए, दूसरे स्थान वाले को दो लाख रुपए और तीसरे स्थान वाले को एक लाख रुपए के सीड फंड के साथ सभी को एक टेबलेट दिया जाएगा। वहीं चौथे से दसवें स्थान तक वाले स्टार्टअप आइडिया को एंड्रायड फोन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में बिहार के किसी भी शैक्षणिक संस्थान के विद्यार्थी हिस्सा ले सकते हैं और इसमें भाग लेना पूरी तरह निःशुल्क होगा। इस अवसर पर अटल इन्क्यूबेशन सेंटर, बिहार विद्यापीठ फाउंडेशन के चेयरमैन और सीईओ विजय प्रकाश, आईआईईएलडी के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिन्हा, पटना विवि के कुलसचिव कर्नल मनोज मिश्रा, डीएसडब्ल्यू प्रो. एनके झा, पूर्व प्रतिकुलपति प्रो. डॉली सिन्हा, चंद्रभूषण सिंह मौजूद रहे।

## प्रतियोगिता में शामिल होने का तरीका

**1 चरण** पहले चरण की शुरुआत एक सितंबर से होगी, जो 13 सितंबर तक चलेगी। इसमें प्रतिभागी पटना विश्वविद्यालय की वेबसाइट में प्लेसमेंट सेल सेक्शन में और eYouthscape- start-up Bihar के फेसबुक पेज (https://facebook.com/events/s/eyouthscape-start-up-bihar/1194614414251895/?ti=cl) पर उपलब्ध एप्लिकेशन फॉर्म के जरिये अपना आइडिया भेज सकते हैं।

**2 चरण** पहले चरण के बाद 18 सितंबर तक चयनित प्रतिभागियों की जानकारी पटना विश्वविद्यालय के वेबसाइट और प्रतियोगिता के ऑफिशियल फेसबुक पेज से दी जाएगी। साथ में चयनित प्रतिभागियों को इसकी जानकारी उनके मेल आईडी पर दी जाएगी।

**3 चरण** चयनित प्रतिभागियों को ऑनलाइन वर्कशॉप में हिस्सा लेना होगा, जिसमें वो अपने आइडिया पर काम करेंगे। फाइनल राउंड में इंडिपेंडेंट ज्यूरी के सामने सभी को अपने आइडिया को प्रेजेंट करना होगा। प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा 10 या 11 अक्टूबर को होगी।

---

# पीयू व मेधा मिलकर देंगे विद्यार्थियों को ऊंची उड़ान

पटना | वरीय संवाददाता

पटना विश्वविद्यालय व मेधा की तरफ से 26 अगस्त 2020, बुधवार को ई यूथस्केप- स्टार्टअप बिहार प्रतियोगिता की ऑनलाइन लॉंचिंग की गई।

यह राज्यस्तरीय प्रतियोगिता होगी, जिसमें बिहार के किसी भी कॉलेज, विश्वविद्यालय, पॉलिटेक्निक और आईटीआई के विद्यार्थी अपना स्टार्टअप आइडिया भेज सकते हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वालों को तीन चरण से गुजरना पड़ेगा। शीर्ष दस में आने वाले प्रतिभागियों को मेधा की ओर से पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जायेगा। शीर्ष तीन को क्रमशः तीन लाख, दो लाख और एक लाख की सीड फंडिंग दी जायेगी। इससे विजेता प्रतिभागी अपने आइडिया को जमीन पर उतार सकें। मौके पर पीयू के कुलपति प्रो. एचएन प्रसाद, मेधा के निदेशक ब्योमकेश मिश्रा, एआईसी- बिहार विद्यापीठ फाउंडेशन के चेयरमैन और सीईओ, विजय प्रकाश, आईआईईएलडी के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिन्हा, कुलसचिव, कर्नल मनोज मिश्रा, डॉली सिन्हा, एन के झा मौजूद थे।

## ऐसे होगी शुरुआत

पहले चरण की शुरुआत एक सितम्बर 2020 से होगी, जो 13 सितम्बर तक चलेगी। इसमें प्रतिभागी पटना विश्वविद्यालय की वेबसाइट में प्लेसमेंट सेल सेक्सन में और eYouthscape- start- up Bihar के फेसबुक पेज ( https:// facebook. com/ events/ s/ eyouthscape- start- up-bihar/1194614414251895/? ti= cl) पर उपलब्ध एप्लिकेशन फॉर्म के जरिये अपना आईडिया भेज सकते हैं। पहले चरण के बाद 18 सितम्बर तक चयनित प्रतिभागियों की जानकारी पटना विश्वविद्यालय की वेबसाइट और प्रतियोगिता के ऑफिशियल फेसबुक पेज से दी जायेगी। साथ में चयनित प्रतिभागियों को इसकी जानकारी उनके मेल आईडी पर दी जायेगी। दूसरे और तीसरे चरण में चयनित प्रतिभागियों को ऑनलाइन कार्यशाला करवाया जायेगा। जिसमें वो अपने आइडिया पर काम करेंगे।

## पुरस्कार

- प्रथम–तीन लाख व एक टैब
- द्वितीय- दो लाख और टैब
- तृतीय- एक लाख और टैब
- चौथे से दसवें स्थान पर आने वाले को एक एंड्रायड फोन
- शीर्ष दस प्रतिभागी अटल इन्क्यूबेशन केंद्र, बिहार विद्यापीठ फाउंडेशन की ओर से इनक्यूबेशन सहायता भी प्राप्त कर सकते हैं

पीयू ने एक्सपर्ट के साथ मिलकर स्टार्टअप से जुड़ने वाले युवाओं को गाइड करने का बनाया प्लान

# पीयू के स्टूडेंट्स के लिए भी स्टार्टअप गाइडेंस

पढ़ाई के साथ उद्यमिता की भी मिलेगी सीख

PATNA (26 Aug) : पटना युनिवर्सिटी में पढ़ाई के साथ-साथ उद्यमिता विकास पर भी जोर दिया जा रहा है. इसके तहत जो स्टूडेंट्स स्टार्टअप के जरिए अपने उद्यमिता क्षमता का विकास करना चाहते हैं और इसे करियर बनाना चाहते हैं उनके लिए अब एक बेहतर अवसर मिलने वाला है. पटना युनिवर्सिटी और मेधा संस्था की ओर से इस दिशा में काम बढ़ाया जा रहा है. बुधवार को इसी सिलसिले में एक संयुक्त कॉन्फ्रेन्स आयोजित किया गया. इसमें आईक्यूएसी सेल की निदेशक डॉली सिन्हा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉक्टर एनके झा, प्रमोद कर्ण, सीओओ, अटल इनक्यूबेशन सेंटर-बिहार विद्यापीठ फाउंडेशन व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे.



## दी जाएगी सीड मनी 1 मिलियन से प्रतियोगिता

[illegible]

## सभी भेज सकते हैं आईडियाज

[illegible]

## स्टार्टअप बिहार प्रतियोगिता की लॉंचिंग

[illegible]

## प्रतियोगिता का पुरस्कार

[illegible]

## यूथ को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास

[illegible]

# पीयू व मेधा मिलकर बिहार के विद्यार्थियों के सपनों को देंगे ऊंची ऊड़ान

पटना (आससे)। पटना विश्वविद्यालय और मेधा की तरफ से बुधवार को ई यूथस्केप-स्टार्टअप बिहार प्रतियोगिता की ऑनलाईन लॉचिंग की गई। यह राज्यस्तरीय प्रतियोगिता होगी जिसमें बिहार के किसी भी कॉलेज, विश्वविद्यालयए पॉलिटेकिनक और आईटीआई के विद्यार्थी अपना स्टार्टअप आईडिया भेज सकते हैं। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेना बिल्कुल निःशुल्क है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वालों को तीन चरण से गुजरना पड़ेगा। शीर्ष दस में आने वाले प्रतिभागियों को मेधा की ओर से पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जायेगा। शीर्ष तीन को क्रमश-तीन लाख, दो लाख और एक लाख की सीड फंडिंग दी जायेगी जिससे विजेता प्रतिभागी अपने आईडिया को जमीन पर उतार सकें। साथ ही शीर्ष दस को प्रतियोगिता की इनक्यूबेशन पार्टनर, अटल इन्क्यूबेशन सेंटर-बिहार विद्यापीठ फाउंडेशन की तरफ से इन्क्यूबेशन सहायता मिलने की भी संभावना होगी। इस प्रतियोगिता के नॉलेज पार्टनर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्राइज एंड लीडरशीप डेवलपमेंट (आईआईईएलडी) है।

इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के आईडिया को परखने के लिए राज्य और देश के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भी सहयोग कर रहे हैं। जो अपने जजमेंट के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र होंगे। साथ ही प्रतिभागियों के लिए दूसरे और तीसरे चरण में ऑनलाईन कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता की लॉचिंग करते हुए पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एच एन प्रसाद ने कहा कि हमारे देश को अभी ज्यादा से ज्यादा ऐसे युवाओं की जरूरत है जो नौकरियां दें। मेधा का पटना विश्वविद्यालय के साथ यह पहल बिहार के विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा मौका है। इससे बिहार और देश को उद्यमियों की नई पौध मिलेगी। मेधा के निदेशक ब्योमकेश मिश्रा ने कहा कि मेधा की कोशिश रही है कि कॉलेज के विद्यार्थियों को हम हर वो मौका दें जिसके वो हकदार हैं। बिहार के विद्यार्थी पहले से ही मेहनती रहे हैं अब हम उन्हें उद्यमी बनने में सहयोग करना चाहते हैं।

एआईसी-बिहार विद्यापीठ फाउंडेशन के चेयरमैन और सीईओए विजय प्रकाश ने कहा कि आईडिया को इंटरप्राईज तक पहुंचाने का काम इन्क्यूबेशन सेंटर करता है। आईआईईएलडी के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिन्हा ने कहा कि यह प्रतियोगिता बिहार के विद्यार्थियों के लिए उद्यिता के क्षेत्र में कदम रखने हेतु एक बड़ा अवसर है।

**प्रतिभा** सात प्रतिभागियों को अटल इंक्यूवेशन सेंटर और बिहार विद्यापीठ फाउंडेशन से मिलेगी सहायता

# आइडिया को उड़ान देगा पीयू, एक से रजिस्ट्रेशन

जागरण संवाददाता, पटना : पटना विश्वविद्यालय राज्यस्तरीय ई-यूथस्केप स्टार्टअप प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। इसमें राज्य के किसी भी कॉलेज, विश्वविद्यालय, पॉलीटेक्निक और आइटीआइ के विद्यार्थी अपना स्टार्टअप आइडिया भेज सकते हैं। पीयू कुलपति प्रो. एचएन प्रसाद ने बताया कि प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी स्तर पर कोई शुल्क नहीं देना होगा।

**शीर्ष 10 प्रतिभागी किए जाएंगे पुरस्कृत, तीन चरणों में होगी प्रतियोगिता**

| |
|---|
| प्रथम- तीन लाख रुपये और एक टैब |
| द्वितीय- दो लाख रुपये और एक टैब |
| तृतीय- एक लाख रुपये और एक टैब |
| चौथे से दसवें स्थान तक : एंड्रायड फोन |



प्रतियोगिता तीन चरण में होगी। शीर्ष 10 प्रतिभागियों को पीयू की सहयोगी संस्था मेधा पुरस्कृत करेगी। प्रथम को तीन लाख रुपये और टैब, द्वितीय को दो लाख और टैब तथा तृतीय स्थान वाले को एक लाख रुपये और टैब दिया जाएगा। इससे विजेता प्रतिभागी अपना आइडिया को जमीन पर उतार सकेंगे। अन्य सात प्रतिभागियों को इंक्यूबेशन पार्टनर अटल इंक्यूबेशन सेंटर, बिहार विद्यापीठ फाउंडेशन की ओर से सहायता प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता का नॉलेज पार्टनर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्राइज एंड लीडरशीप डेवलपमेंट (आइआइईएलडी) है।

**एक सितंबर से होगी पहले चरण की शुरुआत :** डीएसडब्ल्यू प्रो. एनके झा ने बताया कि पहला चरण एक से 13 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान प्रतिभागी पटना विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www. patnauniversity.co.in) पर प्लेसमेंट सेल सेक्सन में उपलब्ध एप्लिकेशन फॉर्म के माध्यम से अपना आइडिया भेजेंगे। 18 सितंबर तक चयनित प्रतिभागियों की सूची अपलोड कर दी जाएगी। इसकी जानकारी प्रतियोगिता के ऑफिशियल फेसबुक पेज से भी दी जायेगी। दूसरे और तीसरे चरण में चयनित प्रतिभागियों को ऑनलाइन कार्यशाला में शामिल होना होगा। इसमें वह अपने आइडिया पर काम करेंगे। शीर्ष 10 की घोषणा 10 या 11 अक्टूबर को की जाएगी।

## विद्यार्थियों के लिए मौका, राज्य को मिलेंगे उद्यमी

कुलपति ने कहा कि मेधा और पटना विश्वविद्यालय की यह पहल बिहार के विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर है। इससे राज्य को उद्यमियों की नई पौध मिलेगी। मेधा के निदेशक ब्योमकेश मिश्रा ने कहा कि राज्य के विद्यार्थी पहले से ही मेहनती हैं। बिहार को आत्मनिर्भर बनाना भारत को आत्मनिर्भर बनाने के क्रम में पहला कदम है। अटल इंक्यूबेशन सेंटर, बिहार विद्यापीठ फाउंडेशन के चेयरमैन विजय प्रकाश ने कहा कि आइडिया को इंटरप्राइज तक पहुंचाने का काम इंक्यूबेशन सेंटर कर रहा है। लॉचिंग समारोह में पीयू आइक्यूएसी की निदेशक प्रो. डॉली सिन्हा, कुलसचिव कर्नल मनोज मिश्रा, ट्रेनिंग, काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ. असीम लाल चक्रवर्ती, आइआइईएलडी के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिन्हा, प्रमोद कर्ण, डॉ. केपी सिंह, रवि रंजन मिश्रा, चंद्र भूषण सिंह, आकृति शर्मा आदि मौजूद थीं।